TIME BOUND

LEGISLATIVE ASSEMBLY SECRETARIAT
OLD SECRETARIAT, DELHI-54
(QUESTIONS & COMMITTEE)

**F.No.12(A-5)/2025-30/QB/LAS/** **Date:**

To,

Sh. Mukesh Kumar Ahlawat,
Hon'ble Member,
Delhi Legislative Assembly,
Old Secretariat, Delhi-54.

**Sub.: Forwarding of reply of Starred Question No. 24 dated 26.03.2025.**

Sir,

Please find enclosed herewith a copy of letter No. 607 dated 13.05.2025 alongwith its enclosures as received from the Deputy Secretary (Question Branch), Department of Health & Family Welfare, GNCTD in respect of the Starred Question No.24 listed for 26.03.2025 raised by you during the Second Session (Budget Session) of Eighth Legislative Assembly of NCT of Delhi on 26.03.2025, for information please.

Yours faithfully

**Encls.: As above**

**(Neeraj Aggarwal)**
**Dy. Secretary (Questions & Committee)**

**F.No.12(A-5)/2025-30/QB/LAS/** 57/3 **Date:** 22/5/25

Copy for information and necessary action to :

1. Secretary to Hon'ble Speaker, Delhi Legislative Assembly.
2. The Deputy Secretary (Reporter Branch), Delhi Legislative Assembly.
3. The System Analyst (IT Branch), Delhi Legislative Assembly.
4. The Section Officer (Library), Delhi Legislative Assembly.

**(Neeraj Aggarwal)**
**Dy. Secretary (Questions & Committee)**

अतिमहत्वपूर्ण/विधानसभामामला
विषेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्लीसरकार
# स्वास्थ्य एवंपरिवारकल्याणविभाग, दिल्लीसरकार
# 9वां तल–ए विंग, आईपी एस्टेट, नईदिल्ली

**F.No 234/1420/HFW/QC/2025/**607 दिनांकः– 13/5/25

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार,
दिल्ली–110054

विषय : **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र–2025), माननीय विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 24 दिनांक 26.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित वित्त विभाग के पत्र सं0 5(192)/Fin/AD/2024-25/DVS Question/DS-IV/274 dated 25.03.2025 एवं उप–सचिव (वित्त विभाग) एवं उप–सचिव (स्वास्थ्य विभाग) और अनुभाग अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग) द्वारा दिनांक 08.05.2025 को आपसी विचार विमर्श के दौरान वित्त विभाग द्वारा अनुरोध किया गया कि उपरोक्त का संयुक्त उत्तर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भेजा जाए, के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0 24 का संयुक्त उत्तर निर्धारित प्रारूप मे आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय

उप–सचिव (प्र0शाखा)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

तारांकित प्रश्न संख्या : 24

दिनांक : 26.03.2025

प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत

क्या उपमुख्यमंत्री / मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कितने डाटा एंट्री ऑपरेटरों को ओपीडी / आईपीडी स्टाफ के रूप में नियुक्त किया गया है। विगत दस वर्षों के आंकडे दें | दिल्ली सरकार के अस्पतालों से प्राप्त जवाब के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में ओपीडी/आईपीडी स्टाफ के रूप में 409 डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) नियुक्त किए गए हैं। |
| ख | विगत दस वर्षों में उक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन के लिए आबंटित तथा खर्च किए गए बजट की जानकारी दें | वित्त विभाग द्वारा डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन के लिए कोई अलग से बजट आवंटित नहीं किया गया है। हालांकि डाटा एंट्री ऑपरेटरों का वेतन, विभाग के अन्य मदों से भुगतान किया जाता रहा है।<br><br>पिछले 10 वर्षों में डाटा एंट्री ऑपरेटारों के वेतन पर लगभग 67,45,68,552 / – रूपये (सड़सठ करोड़ पैंतालीस लाख अड़सठ हजार पांच सौ बावन) रुपये खर्च हुए हैं। |
| ग | क्या वर्ष 2021 के बाद कोई ऐसी समयावधि भी रही है जिसमें इन डाटा एंट्री ऑपरेटरों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया, | दिल्ली सरकार के अस्पतालों से प्राप्त जवाब के अनुसार, निम्नलिखित अस्पतालों को छोड़कर सभी डाटा एंट्री ऑपरेटरों को समय-समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है:<br><br>1. दीप चंद बंधु अस्पताल<br>(मई 2024 से दिसम्बर 2024)<br>2. डॉ हेडगेवार आरोग्य संस्थान<br>(मई 2024 से अब तक)<br>3. जग प्रवेश चंद्र अस्पताल<br>4. (अप्रैल 2024 से सितम्बर 2024)<br>5. लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल<br>6. (जनवरी 2021 से सितम्बर 2022)<br>7. महर्षि वाल्मिकी अस्पताल<br>8. (सितम्बर 2022)<br>9. सत्यवादी राजा हरीश चन्द्र अस्पताल<br>(सितम्बर 2024 से अब तक) |

| | | |
|---|---|---|
| घ | 2021 के बाद से डाटा एंट्री ऑपरेटरों का वेतन जारी न किए जाने के लिए वित्त विभाग द्वारा क्या आपत्तियां/टिप्पणियां की गई हैं, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, सचिव तथा विशेष सचिव की टिप्पणियों से अवगत कराएं | वित्त विभाग द्वारा प्राप्त उत्तर के आधार पर संलग्नक – क, ख, ग, घ, ड, च, छ, (soft copy in CD) |
| ड | इस मुद्दे पर तत्कालीन वित्त मंत्री की टिप्पणी क्या थी | |
| च | क्या मौजूदा वित्त वर्ष में डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन हेतु राशि आबंटित की गई है, और | नहीं। |
| छ | यदि हां, तो कितनी और यदि नही तो उसके कारण– | वित्त विभाग द्वारा डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन के लिए कोई अलग से बजट आवंटित नहीं किया गया है। हालांकि डाटा एंट्री ऑपरेटरों का वेतन विभाग के अन्य मदों से भुगतान किया जाता रहा है। |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग